भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 04.10.2024

## आरेडिका ने ऐहार गाँव में किया ग्राम चौपाल का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के कर्मिक विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाडे के तहत (स्वच्छता ही सेवा मिशन 4.0) आरेडिका के आस–पास के गाँवों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है।

आज दिनांक 04.10.2024 को ऐहार गाँव में बाल्हेश्वर मन्दिर के निकट ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस ग्राम चौपाल में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों, एवं किसानों ने भाग लिया। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए गाँव वासियों का स्वस्थ्य परीक्षण भी आरेडिका के चिकित्सालय द्वारा किया गया।

## आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट में आईसीएफ के महाप्रबंधक का दौरा

आईसीएफ के महाप्रबंधक यू. सुब्बा राव ने दिनांक–04.10.2024 को फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट/आरेडिका का दौरा किया। राव ने आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ कोच उत्पादन एवं फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण पर चर्चा की।

आईसीएफ के महाप्रबंधक ने फोर्ज्ड व्हील फैक्ट्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार एवं व्हील फैक्ट्री के अधिकारियों ने कच्चे माल से लेकर फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण के सभी चरणों एवं गुणवत्ता संबंधित मानकों के बारे में विचार विमर्श किया।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीएमई विवेक खरे, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी श्री सदानन्द सरकार सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

(आर.एन.तिवारी ) 04/10/2024
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी